# न्यायालय सहायक कलक्टर एवं उपखण्डाधिकारी, नोहर जिला हनुमानगढ

पीठासीन अधिकारी का नाम : **पंकज गढ़वाल (आर0ए0एस0)**
प्रकरण संख्या – 23/2024
अनवान : –

1. अमीचन्द पुत्र राजाराम जाति नायक निवासी पिचकराई तहसील नोहर।

**–प्रार्थी**

**बनाम्**

1. सुभाष पुत्र भागाराम जाति नायक निवासी 6 आरपीएम तहसील नोहर।
2. बृजलाल पुत्र राजाराम जाति नायक निवासी पिचकराई तहसील नोहर।
3. परमान पुत्र राजाराम जाति नायक निवासी पिचकराई तहसील नोहर।
4. रामकुमार पुत्र राजाराम जाति नायक निवासी पिचकराई तहसील नोहर ।
5. राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार राजस्व नोहर तहसील नोहर।

**– अप्रार्थीगण**

**प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 251 ए आरटीएक्ट**

उपस्थिति :–**श्री रविन्द्र कुमार गोदारा अधिवक्ता प्रार्थी**
**श्री सुनील कटारिया अधिवक्ता अप्रार्थीगण**

**निर्णय** दिनांकः 23/7/2024

संक्षेप में तथ्य इस प्रकार से है कि प्रार्थी ने जरिये अधिवक्ता यह प्रार्थना पत्र 251 ए राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955 के तहत इस आशय का पेश किया है कि चक 6 आरपीएम तहसील नोहर के खाता संख्या 4/4 के कुल खसरे 2 की कुल तादादी 0.1260 है0 भूमि का सायल खातेदार काश्तकार है।

चक 6 आरपीएम तहसील नोहर के खाता संख्या 47/44 के कुल खसरे 3 की कुल तादादी 0.6320 है0 भूमि का गैरसायल संख्या 1 खातेदार काश्तकार है एवं चक 6 आरपीएम तहसील नोहर के खाता संख्या 107/90 के कुल खसरे 4 की कुल तादादी 0.6340 है0 भूमि का गैरसायल संख्या 2 खातेदार काश्तकार है एवं चक 6 आरपीएम तहसील नोहर के खाता संख्या 82/73 के कुल खसरे 4 की कुल तादादी 0.6320 है0 भूमि का गैरसायल संख्या 3 खातेदार काश्तकार है तथा चक 6 आरपीएम तहसील नोहर के खाता संख्या 145/124 के कुल खसरे 4 की कुल तादादी 0.6320 है0 भूमि का गैरसायल संख्या 4 खातेदार काश्तकार है।

सायल की चक 6 आरपीएम तहसील नोहर के खाता संख्या 4/4 के कुल खसरे 4 की कुल तादादी 0.1260 है0 कृषि भूमि में जाने के लिए कोई स्वीकृतशुदा रास्ता नहीं है इसलिए सायल को भारी परेशानी हो रही है। सायल व गैरसायलान की भूमि आपस में चिपते हुए है तथा सायल स्वीकृतशुदा रास्ते होते हुए अपने खेत खाता संख्या 4/4 के प0 नं0 300/397 (67) के किला नं. 5/2 में जाने के लिए गैर सायल सं. 1 के प0 नं0 300/397 (67) के किला 1 के मिन उत्तर दिशा की 0.016 है0 भूमि गैर सायल संख्या 2 के प0 नं0 300/397 (67) के किला 2 के मिन उत्तर दिशा की 0.016 है0 व किला नं. 3/1 के मिन उत्तर दिशा की 0.004

Signature Not Verified
Digitally signed by Pankaj Garhwal
Date: 2024.07.26 19:08:11 IST
Reason: SelfAttested



उपखण्ड अधिकारी
नोहर

है0 मे से व गैर सायल संख्या 3 के प0 नं0 300/397 (67) के किला 3/2 के मिन उत्तर दिशा की 0.012 है0 व किला नं. 4/1 के मिन उत्तर दिशा की 0.008 है0 में से व गैर सायल संख्या 4 के प0 नं0 300/397 (67) के किला 4/2 के मिन उत्तर दिशा की 0.008 है0 व किला नं. 5/1 के मिन उत्तर दिशा की 0.012 है0 भूमि में से होते हुए अपने के खेत प0 नं0 300/397 (67) के किला 5/2 में प्रवेश करता है। और यह रास्ता सदामत से चालु है तथा उक्त रास्ता को सायल राजस्व रिकार्ड में दर्ज करवा पाने का अधिकारी है।

सायल को अपनी कृषि भूमि में जाने के लिए उक्त रास्ता के अलावा आवागमन हेतु कोई रास्ता नहीं है। यह सबसे नजदीकी है। उक्त रास्ता पर काफी वर्षो से आपसी सहमति से आवागमन होता आ रहा है। लेकिन राजस्व रिकार्ड में रास्ता मंजूर नहीं होने के कारण भारी परेशानी हो रही है। उक्त रास्ता की भूमि के बदले में गैरसायल संख्या 2 अपनी कृषि भूमि प0 नं0 300/397 (67) के किला नं. 2 के (उत्तर में रास्ता की भूमि को छोड़कर) मिन पश्चिम की 0.08 है0 व किला नं. 9 के मिन पश्चिम की 0.08 है0 भूमि जो गैर सायल 1 के किला नं. 1 व किला नं. 10 के चिपती हुई भूमि है गैर सायल संख्या 1 को देने के लिए तैयार है।

प्रार्थना पेश होने पर दर्ज रजिस्टर किया जाकर अप्रार्थीगण को जरिये नोटिस तलब किया गया। अप्रार्थी संख्या 1 ता 4 ने जरिये अधिवक्ता इकबाल प्रार्थना पत्र पेश किया जाकर निवेदन किया की प्रार्थना पत्र सायल मुताबिक इस्तदुआ स्वीकार किया जाता है तो अप्रार्थी स0 1 ता 4 को कोई ऐतराज नही है।

बहस अधिवक्ता उभयपक्ष सुनी गई। अधिवक्ता प्रार्थी ने प्रार्थना पत्र के तथ्यों को दोहराते हुए निवेदन किया की सायल स्वीकृतशुदा रास्ते होते हुए अपने खेत खाता संख्या 4/4 के प0 नं0 300/397 (67) के किला नं. 5/2 में जाने के लिए गैर सायल संख्या 1 के प0 नं0 300/397 (67) के किला 1 के मिन उत्तर दिशा की 0.016 है0 भूमि में से व गैर सायल संख्या 2 के प0 नं0 300/397 (67) के किला 2 के मिन उत्तर दिशा की 0.016 है0 व किला नं. 3/1 के मिन उत्तर दिशा की 0.004 है0 मे से व गैर सायल संख्या 3 के प0 नं0 300/397 (67) के किला 3/2 के मिन उत्तर दिशा की 0.012 है0 व किला नं. 4/1 के मिन उत्तर दिशा की 0. 008 है0 में से व गैर सायल संख्या 4 के प0 नं0 300/397 (67) के किला 4/2 के मिन उत्तर दिशा की 0.008 है0 व किला नं. 5/1 के मिन उत्तर दिशा की 0.012 है0 भूमि में से होते हुए अपने के खेत प0 नं0 300/397 (67) के किला 5/2 में प्रवेश करता है। और यह रास्ता सदामत से चालु है को राजस्व रिकार्ड में दर्ज किया जावे एवं रास्ता के बदले की भूमि प्रार्थी के नाम से कम की जाकर अप्रार्थी के नाम दर्ज की जावे। अप्रार्थीगण द्वारा प्रार्थी के प्रार्थना पत्र को स्वीकार किया जाकर ईकबाल प्रार्थना पेश किया गया है अर्थात प्रार्थी के प्रार्थना पत्र के संबंध में किसी को कोई ऐतराज नही है अतः प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार फरमाया जावें।

अधिवक्ता अप्रार्थीगण ने बहस में निवेदन किया की प्रार्थी का प्रार्थना पत्र मुताबिक अनुतोष स्वीकार किया जाता है तो अप्रार्थीगण को कोई ऐतराज नही है।



उपखण्ड अधिकारी
नोहर

Signature Not Verified
Digitally signed by Pankaj Garhwal
Date: 2024.07.26 19:08:11 IST
Reason: SelfAttested

बहस पर मनन किया। पत्रावली एवं पत्रावली के संलग्न दस्तावेजों का अवलोकन किया। पत्रावली में प्रस्तुत रिकार्ड के अनुसार कि चक 6 आरपीएम तहसील नोहर के खाता संख्या 4/4 के कुल खसरे 2 की कुल तादादी 0.1260 है0 भूमि का सायल खातेदार काश्तकार है। चक 6 आरपीएम तहसील नोहर के खाता संख्या 47/44 के कुल खसरे 3 की कुल तादादी 0.6320 है0 भूमि का गैरसायल संख्या 1 खातेदार काश्तकार है एवं चक 6 आरपीएम तहसील नोहर के खाता संख्या 107/90 के कुल खसरे 4 की कुल तादादी 0.6340 है0 भूमि का गैरसायल संख्या 2 खातेदार काश्तकार है एवं चक 6 आरपीएम तहसील नोहर के खाता संख्या 82/73 के कुल खसरे 4 की कुल तादादी 0.6320 है0 भूमि का गैरसायल संख्या 3 खातेदार काश्तकार है तथा चक 6 आरपीएम तहसील नोहर के खाता संख्या 145/124 के कुल खसरे 4 की कुल तादादी 0.6320 है0 भूमि का गैरसायल संख्या 4 खातेदार काश्तकार है। सायल का कथन है कि रोही मौजा 6 आरपीएम में गैर सायल संख्या 1 के प0 नं0 300/397 (67) के किला 1 के मिन उत्तर दिशा की 0.016 है0 भूमि व गैर सायल संख्या 2 के प0 नं0 300/397 (67) के किला 2 के मिन उत्तर दिशा की 0.016 है0 व किला नं. 3/1 के मिन उत्तर दिशा की 0.004 है0 व गैर सायल संख्या 3 के प0 नं0 300/397 (67) के किला 3/2 के मिन उत्तर दिशा की 0.012 है0 व किला नं. 4/1 के मिन उत्तर दिशा की 0.008 है0 व गैर सायल संख्या 4 के प0 नं0 300/397 (67) के किला 4/2 के मिन उत्तर दिशा की 0.008 है0 व किला नं. 5/1 के मिन उत्तर दिशा की 0.012 है0 भूमि है0 भूमि में रास्ता स्वीकृत कर मुताबिक नजरी नक्शा राजस्व रिकार्ड में अमल दरामद करने के आदेश फरमावे व रास्ता की भूमि के बदले में गैरसायल संख्या 2 अपनी कृषि भूमि प0 नं0 300/397 (67) के किला नं. 2 के (उत्तर में रास्ता की भूमि को छोड़कर) मिन पश्चिम की 0.08 है0 व किला नं. 9 के मिन पश्चिम की 0.08 है0 भूमि जो गैर सायल 1 के किला नं. 1 व किला नं. 10 के चिपती हुई भूमि है गैर सायल संख्या 1 के नाम दर्ज की जावे। सायल के उक्त कथनों को अप्रार्थीगण द्वारा स्वीकार करते हुए इकबाल प्रार्थना पत्र पेश किया गया कि प्रार्थी का प्रार्थना पत्र मुताबिक अनुतोष स्वीकार किया जाता है तो अप्रार्थीगण को कोई ऐतराज नही है। किसी भी खातेदार काश्तकार को उसकी खातेदारी भूमि में जाने के लिए रास्ता दिया जाना भी न्यायोचित है एवं गैरसायलान की सहमति के आधार पर प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार योग्य है।

अतः उपर्युक्त विवेचन के आधार पर प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर रोही मौजा 6 आरपीएम में गैर सायल संख्या 1 के प0 नं0 300/397 (67) के किला 1 के मिन उत्तर दिशा की 0.016 है0 भूमि व गैर सायल संख्या 2 के प0 नं0 300/397 (67) के किला 2 के मिन उत्तर दिशा की 0.016 है0 व किला नं. 3/1 के मिन उत्तर दिशा की 0.004 है0 व गैर सायल संख्या 3 के प0 नं0 300/397 (67) के किला 3/2 के मिन उत्तर दिशा की 0.012 है0 व किला नं. 4/1 के मिन उत्तर दिशा की 0.008 है0 व गैर सायल संख्या 4 के प0 नं0 300/397 (67) के किला 4/2 के मिन उत्तर दिशा की 0.008 है0 व किला नं. 5/1 के मिन उत्तर दिशा की 0.012 है0 भूमि है0 भूमि में रास्ता स्वीकृत कर मुताबिक नजरी नक्शा राजस्व रिकार्ड में अमल

Signature Not Verified
Digitally signed by Pankaj Garhwal
Date: 2024.07.26 19:08:11 IST
Reason: SelfAttested



उपखण्ड अधिकारी
नोहर

दरामद किया जावे व रास्ता की भूमि के बदले में गैरसायल संख्या 2 अपनी कृषि भूमि प० नं० 300/397 (67) के किला नं. 2 के (उत्तर में रास्ता की भूमि को छोड़कर) मिन पश्चिम की 0.08 है० व किला नं. 9 के मिन पश्चिम की 0.08 है० भूमि जो गैर सायल 1 के किला नं. 1 व किला नं. 10 के चिपती हुई भूमि है गैर सायल संख्या 1 के नाम दर्ज की जावे। यदि किसी सक्षम न्यायालय का स्थगन आदेश न हो तो उक्तानुसार राजस्व रिकार्ड में अमल दरामद किया जावे। तहसीलदार नोहर को पालना हेतु पृथक से आदेश जारी किया जावे। पत्रावली नम्बर से कम होकर दाखिल दफ्तर हों।

निर्णय आज दिनांक 23/7/24 को मेरे द्वारा लिखवाया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया।

(पंकज गढ़वाल R.A.S)
उपखण्ड अधिकारी (राजस्व)
एवं सहायक कलक्टर
नोहर

Signature Not Verified

Digitally signed by Pankaj Garhwal
Date: 2024.07.26 19:08:11 IST
Reason: SelfAttested

## न्यायालय सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी (राजस्व) नोहर

क्रमांकः रीडर/रास्ता/2024/798 दिनांकः–25/7/24

तहसीलदार (राजस्व)
नोहर।

विषय :– स्वीकृत रास्ता का राजस्व रिकार्ड में दर्ज करने के संबंध में प्रार्थना पत्र स0–23/2024 निर्णय दिनांक 23/7/2024

प्रकरण संख्या – 23/2024
अनवान : –

1. अमीचन्द पुत्र राजाराम जाति नायक निवासी पिचकराई तहसील नोहर।

–प्रार्थी

बनाम्

1. सुभाष पुत्र भागाराम जाति नायक निवासी 6 आरपीएम तहसील नोहर।
2. बृजलाल पुत्र राजाराम जाति नायक निवासी पिचकराई तहसील नोहर।
3. परमान पुत्र राजाराम जाति नायक निवासी पिचकराई तहसील नोहर।
4. रामकुमार पुत्र राजाराम जाति नायक निवासी पिचकराई तहसील नोहर ।
5. राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार राजस्व नोहर तहसील नोहर।

– अप्रार्थीगण

उपर्युक्त विषयान्तर्गत विषयान्तर्गत लेख है कि प्रकरण संख्या 23/2024 अनवान अमीचन्द बनाम सुभाष आदि निर्णय दिनांक 23/7/24 प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 251 क आरटीएक्ट स्वीकार किया जाकर तहसीलदार नोहर को आदेशित किया जाता है कि किसी सक्षम न्यायालय का स्थगन न हो तो वे रोही मौजा 6 आरपीएम में गैर सायल संख्या 1 के प0 नं0 300/397 (67) के किला 1 के मिन उत्तर दिशा की 0.016 है0 भूमि व गैर सायल संख्या 2 के प0 नं0 300/397 (67) के किला 2 के मिन उत्तर दिशा की 0.016 है0 व किला नं. 3/1 के मिन उत्तर दिशा की 0.004 है0 व गैर सायल संख्या 3 के प0 नं0 300/397 (67) के किला 3/2 के मिन उत्तर दिशा की 0.012 है0 व किला नं. 4/1 के मिन उत्तर दिशा की 0.008 है0 व गैर सायल संख्या 4 के प0 नं0 300/397 (67) के किला 4/2 के मिन उत्तर दिशा की 0.008 है0 व किला नं. 5/1 के मिन उत्तर दिशा की 0.012 है0 भूमि है0 भूमि में रास्ता स्वीकृत कर मुताबिक नजरी नक्शा राजस्व रिकार्ड में अमल दरामद किया जावे व रास्ता की भूमि के बदले में गैरसायल संख्या 2 अपनी कृषि भूमि प0 नं0 300/397 (67) के किला नं. 2 के (उत्तर में रास्ता की भूमि को छोड़कर) मिन पश्चिम की 0.08 है0 व किला नं. 9 के मिन पश्चिम की 0.08 है0 भूमि जो गैर सायल 1 के किला नं. 1 व किला नं. 10 के चिपती हुई भूमि है गैर सायल संख्या 1 के नाम दर्ज की जावे। उक्तानुसार राजस्व रिकार्ड में अमल दरामद हो।

Signature Not Verified
Digitally signed by Pankaj Garhwal
Date: 2024.07.26 19:08:11 IST
Reason: SelfAttested

(पंकज गढ़वाल R.A.S)
उपखण्ड अधिकारी (राजस्व)
एवं सहायक कलक्टर
नोहर